<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

दिनांकः– 16.01.2023

32वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह

श्रीमान विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर की अध्यक्षता में आज दिनांक 16.01.2023 को **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह** के दौरान ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्युकेशन प्रताप नगर जोधपुर में अध्ययनरत युवाओं मे यातायात जागरूकता हेतु यातायात सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में यातायात पुलिस के श्री अनिल कुमार सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम श्री शिवनारायण चौधरी सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व तथा समस्त निरीक्षक पुलिस यातायात, यातायात शिक्षाटीम मय यातायात शिक्षा मोबाईल वैन यातायात नियमों की हॉर्डिंग बोर्ड प्रदर्शनी के अपस्थित हुए। ऐश्वर्या कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रषि नेपालिया, श्री नवीन जोशी, डॉ. सोहेल खान, श्री बसन्त कल्ला, सहित सभी प्रोफेसर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमान विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, नशे में वाहन चलाना, तेजगति से वाहन चलाना, मोबाईल से बात करना इत्यादि नियमों की अनदेखी के दुष्परिणाम के बारे गम्भीरता से बताया। युवा सुरक्षित तो राष्ट्र सुरक्षित पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु के ऑकड़ों को बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु नियमों की पालना करने एवं विशेष सावधानियां से अवगत कराया। ड्राईविंग लाईसेन्स बनाने की जानकारी के साथ एमवी एक्ट में जिन गलतियों से ड्राईविंग लाईसेन्स निलंबन होता है उसे विस्तार से बताया। हाल ही में जोधपुर शहर में हुई गंम्भीर दुर्घटनाओं के बताते हुए युवा शक्ति को सम्पूर्ण यातायात नियमों की पालना करने का संदेश दिया। बालिकाओं के अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमान विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात द्वारा उपस्थित सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य श्री श्रषि नेपालिया ने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए सभी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, मंच संचालन श्री बसन्त कल्ला द्वारा किया गया।

शहर के प्रमुख चौराहा पर आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पेम्पलेट्स वितरित किये गये।

कल दिनांक 17.01.2023 32वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह प्रातः 10.30 बजे रिजर्व पुलिस लाईन आयुक्तालय जोधपुर प्रांगण में किया जायेगा। दौराने समारोह एएसजी आई हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क नेत्र जॉच शिविर का आयोजन किया जायेगा।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर

यातायात पुलिस
दुर्घटना घटी ।
तेज गति, जीवन की क्षति ॥
0291-2630729
Traffic Police Jodhpur
32 वाँ सड़क सुरक्षा सप्ताह
दिनांक 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 तक
हेलमेट पहने, सीटबेल्ट लगाये, रेड लाईट जम्प नहीं करें,
निर्धारित गति सीमा में वाहन चलायें,
पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर
यातायात पुलिस
पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर
पड़ सकता है दुनिया से जाना ॥
AISHWARYA COLLEGE

32 वाँ सड़क सुरक्षा सप्ताह
यातायात पुलिस
बिना हेलमेट के वाहन चलाना ।
पड़ सकता है दुनिया से जाना ॥
AISHWARYA COLLEGE

AISHWARYA COLLEGE

यातायात पुलिस
32 वाँ सड़क सुरक्षा सप्ताह
सड़क सुरक्षा
जीवन रक्षा

यातायात पुलिस